Series &RQPS/S

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **40/S**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **40** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **27** printed pages.

(II) Please check that this question paper contains **40** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

*सामान्य निर्देश :*

*1.* *प्रश्न-पत्र के 4 खण्ड हैं -* ***क, ख, ग*** *और* ***घ*** *।*

*(i)* ***खण्ड क : 20*** *अंकों के* ***20*** *बहुवैकल्पिक प्रश्न हैं।*

*(ii)* ***खण्ड ख :*** *प्रत्येक* ***2*** *अंकों वाले* ***8*** *लघु उत्तर प्रकार के प्रश्न हैं।*

*(iii)* ***खण्ड ग :*** *प्रत्येक* ***3*** *अंकों वाले* ***8*** *प्रश्न हैं।*

*(iv)* ***खण्ड घ :*** *प्रत्येक* ***5*** *अंकों वाले* ***4*** *दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं।*

*2.* *प्रश्न-पत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, हालाँकि समग्र विकल्प नहीं है।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा कानून भारत में अल्पसंख्यकों के संरक्षण का विशेष कानून है ? *1*

(A) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21

(B) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14

(C) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955

(D) मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा

**2.** प्रताप विधिक रूप से अर्हता प्राप्त आर्मी रिक्रूट है। मानवाधिकार मामलों में उसकी विशेष योग्यता है। उसकी नौकरी के लिए निम्नलिखित में से कौन सर्वोत्तम है ? *1*

(A) भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (Competition Commission of India)

(B) विधिक प्रक्रिया बहिस्रोतन केन्द्र (Centre for Legal Process Outsourcing)

(C) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India)

(D) न्यायाधीश महा-अधिवक्ता विभाग (Judge Advocate General's Department)

**3.** सूची I और सूची II का मिलान कीजिए : *1*

| | *सूची I* | | *सूची II* |
|---|---|---|---|
| (a) | अनुच्छेद 50 | (i) | महाधिवक्ता की नियुक्ति |
| (b) | अनुच्छेद 131 | (ii) | उच्चतम न्यायालय का मूल क्षेत्राधिकार |
| (c) | अनुच्छेद 165 | (iii) | महान्यायवादी की नियुक्ति |
| (d) | अनुच्छेद 76 | (iv) | न्यायपालिका की स्वतंत्रता |

(A) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i)

(B) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

(C) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii)

(D) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)

***General Instructions :***

1. *The Question Paper contains **4** sections – **A, B, C** and **D**.*
   - *(i)* ***Section A*** **:** *contains **20** Multiple Choice Questions for **20** marks.*
   - *(ii)* ***Section B*** **:** *contains **8** Short Answer Type Questions for **2** marks each.*
   - *(iii)* ***Section C*** **:** *contains **8** questions for **3** marks each.*
   - *(iv)* ***Section D*** **:** *contains **4** Long Answer Type Questions for **5** marks each.*
2. *Internal choice is given in the paper. There is no overall choice.*

## SECTION A

**1.** Which among the following options is a special law for protection of minorities in India ? *1*

(A) Article 21 of the Constitution of India

(B) Article 14 of the Constitution of India

(C) Protection of Civil Rights Act, 1955

(D) Universal Declaration of Human Rights

**2.** Pratap is a legally qualified Indian Army recruit. He specializes in human rights matters. Which of the following is best suited for his services ? *1*

(A) Competition Commission of India

(B) Centre for Legal Process Outsourcing

(C) Securities and Exchange Board of India

(D) Judge Advocate General's Department

**3.** Match List I and List II : *1*

| | *List I* | | *List II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Article 50 | (i) | Appointment of Advocate General |
| (b) | Article 131 | (ii) | Original Jurisdiction of the Supreme Court |
| (c) | Article 165 | (iii) | Appointment of the Attorney General |
| (d) | Article 76 | (iv) | Independence of Judiciary |

(A) a-(iv), b-(iii), c-(ii), d-(i) (B) a-(ii), b-(iv), c-(i), d-(iii)

(C) a-(iv), b-(i), c-(ii), d-(iii) (D) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)

**4.** *अभिकथन (A) :* जनहित वाद (PIL), नागरिक स्थिति और प्रतिनिधि स्थिति पर आधारित होते हैं। *1*

*कारण (R) :* जनहित वादों ने निगरानीकर्ता (monitor) के रूप में न्यायपालिका की भूमिका को सुदृढ़ किया है।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही है, परंतु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परंतु (R) ग़लत है ।

(D) (A) ग़लत है, परंतु (R) सही है ।

**5.** सबा के पास उसकी स्वर्गीय दादी की एक बहुमूल्य पेंटिंग है। उसने अपनी लता नाम की एक सहेली, जो कलाकृतियों का संग्रहण करती है, को यह पेंटिंग बेचने का निर्णय लिया। इसकी कीमत के बारे में दोनों में सहमति हो गई और सबा ने यह पेंटिंग लता को सौंप दी। परंतु एक विवाद खड़ा हो गया जब एक दूसरे व्यक्ति, महेश ने यह दावा किया कि वह इस पेंटिंग का असली मालिक है।

लता को संपत्ति के हस्तांतरण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्तें पूरी होनी चाहिए जिसे वैध माना जाए ? *1*

(A) सबा के पास पेंटिंग का वैधानिक स्वामित्व और इसके हस्तान्तरण का अधिकार होना चाहिए तथा लता को स्वामित्व के हस्तान्तरण के इरादे से ही हस्तान्तरण किया जाना चाहिए।

(B) लता के पास पेंटिंग खरीदने का वित्तीय संसाधन होना चाहिए और दोनों पक्षकारों को स्वामित्व का हस्तान्तरण बताने वाले एक लिखित करार पर हस्ताक्षर करने चाहिए।

(C) सबा को पेंटिंग की बिक्री के इरादे के बारे में महेश को बताना चाहिए और लता को संपत्ति के हस्तान्तरण से पहले उसकी सहमति लेनी चाहिए।

(D) लता को पहले ही पेंटिंग की पूरी खरीद कीमत चुकानी चाहिए और स्वामित्व के हस्तान्तरण को विधिमान्य बनाने के लिए सबा को पेंटिंग की वास्तविकता का प्रमाणपत्र देना चाहिए।

**6.** ब्रिटेन (यू.के.), अमेरीका (यू.एस.ए.), ऑस्ट्रेलिया और भारत में क्या समानता है ? *1*

(A) इन सभी देशों के पास सिविल न्यायालय के क्षेत्राधिकार हैं।

(B) ये सभी देश न्याय प्रदान करने में पूछताछ जाँच प्रणाली का अनुसरण करते हैं।

(C) ये सभी देश सामान्य कानून (Common law) क्षेत्राधिकार हैं।

(D) ये सभी देश नेपोलियन कोड का अनुसरण करते हैं।

**4.** *Assertion (A) :* Public Interest Litigations (PILs) are based on the tenets of citizen standing and representative standing. *1*

*Reason (R) :* PILs have strengthened the role of judiciary as a monitor.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**5.** Saba inherited a valuable painting from her late grandmother. She decided to sell the painting to her friend Lata, who is an art collector. They both agreed on a price and Saba handed over the painting to Lata. However, a dispute arose, when another individual Mahesh claimed that he is the rightful owner of the painting. Which of the following conditions must be satisfied for the transfer of property to Lata to be considered valid ? *1*

(A) Saba must have legal ownership and the capacity to transfer the painting and the transfer must be done with the intention to transfer ownership to Lata.

(B) Lata must have the financial means to purchase the painting and both parties must sign a written agreement stating the transfer of ownership.

(C) Saba must notify Mahesh about the intended sale of the painting and obtain his consent before transferring the property to Lata.

(D) Lata must pay the full purchase price upfront and Saba must provide a certificate of authenticity for the painting to validate the transfer of ownership.

**6.** What is common among UK, USA, Australia and India ? *1*

(A) All of these countries are Civil Law jurisdiction.

(B) All of these countries follow Inquisitorial System of Justice Dispensation.

(C) All of these countries are Common Law jurisdiction.

(D) All of these countries follow the Napoleonic code.

**7.** ऐलक्स ने लंदन विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक की डिग्री ली है। उसकी कानून में रुचि उत्पन्न हो गई और वह सालिसिटर (वकील) बनना चाहता है। इसे पूरा करने के लिए किन अपेक्षाओं की जरूरत है, इनका पता कीजिए। *1*

(i) प्रशिक्षण संविदाएँ

(ii) शिष्यत्व (शिक्षक के अधीन पढ़ाई)

(iii) विधिक पेशा पाठ्यक्रम (Legal Practice Course)

(iv) वकालत व्यावसायिक पाठ्यक्रम (Bar Vocational Course)

(A) केवल (i) और (ii) (B) केवल (ii) और (iii)

(C) केवल (iii) और (iv) (D) केवल (i) और (iii)

**8.** अथेलिक्स कम्पनी कई वर्षों से 'अथलो गियर (Athlo Gear)' ब्राण्ड नाम से अपने अनूठे स्पोर्ट्स परिधानों को सफलतापूर्वक बेचती आ रही है। कंपनी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि इसके ब्रांड को अनधिकृत उपयोग और नकल से बचाया जाए। अपने ब्रांड नाम की सुरक्षा के लिए कंपनी के पास निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोत्तम विकल्प है ? *1*

(A) संपूर्ण अधिकारों को सुरक्षित रखने और स्पोर्ट्स परिधानों (Apparel) में दूसरों के द्वारा ऐसा ही नाम या मिलता जुलता नाम प्रयोग करने से रोकने के लिए व्यापार चिन्ह (Trademark) के रूप में 'अथलो गियर (Athlo Gear)' ब्रांड नाम का पंजीकरण करना।

(B) ब्रांड नाम के प्रयोग का रिकॉर्ड बनाए रखना और प्रतिष्ठा तथा ग्राहकों की मान्यता पर आधारित एक सामान्य कानूनी व्यापार चिन्ह स्थापित करने के लिए विज्ञापन अभियान चलाना।

(C) बाज़ार में अनधिकृत उपयोग और भ्रम के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मिले जुले ब्रांड नामों से बचने के लिए दूसरी स्पोर्ट्स परिधान कंपनियों के साथ सहयोग (Collaboration) करना।

(D) उत्पाद की विशेषताओं को बताते समय इसकी अनन्यता (अद्वितीयता) को बनाए रखते हुए एक स्पष्ट व्यापार चिन्ह बनाने के लिए 'अथलो गियर (Athlo Gear)' ब्रांड नाम को जेनेरिक नाम के साथ जोड़ना।

**7.** Alex graduated with Science from the University of London. He developed an interest in law and wants to become a solicitor. Identify the requirement he needs to fulfil the same. *1*

(i) Training Contracts

(ii) Pupillage

(iii) Legal Practice Course

(iv) Bar Vocational Course

(A) (i) and (ii) only (B) (ii) and (iii) only

(C) (iii) and (iv) only (D) (i) and (iii) only

**8.** Athelix Co. has been successfully selling its unique line of sports apparel under the brand name 'Athlo Gear' for several years. The company wants to ensure that its brand is protected from unauthorized use and imitation. Which of the following is the best option for the company to safeguard its brand name ? *1*

(A) Register the brand name 'Athlo Gear' as a trademark to secure exclusive rights and prevent others from using the same or similar name in the sports apparel industry.

(B) Maintain a record of the brand name's usage and advertise campaigns to establish a common law trademark based on reputation and customer recognition.

(C) Collaborate with other sports apparel companies to refrain from using similar brand names, ensuring protection against unauthorized use and confusion in the market.

(D) Combine the brand name 'Athlo Gear' with a generic term to create a descriptive trademark, maintaining exclusivity while conveying product features.

9. रूपा और रवि ने अवैधानिक पदार्थों की बिक्री के लिए एक संविदा किया। संविदा तैयार करते समय इसकी अवैधानिकता के बारे में दोनों को पूरी जानकारी थी। इस संविदा की स्थिति को सही रूप से वर्णित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प है ? *1*

(A) विषय की अवैधानिकता के बावजूद संविदा वैधानिक रूप से लागू करने योग्य है।

(B) इसके गैरकानूनी किस्म का होने के कारण दोनों पक्षकारों के विवेक पर संविदा अमान्य होने के योग्य है।

(C) संविदा अमान्य है और इसके गैरकानूनी स्वरूप के कारण किसी भी पक्ष द्वारा इसे लागू नहीं किया जा सकता।

(D) संविदा वैध है, परंतु एक अवैधानिक कारोबार से संलग्न होने के कारण दोनों पक्षकारों को आपराधिक आरोपों का सामना करना पड़ सकता है।

10. *अभिकथन (A) :* भारत में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। *1*

*कारण (R) :* आसन्न मुकदमा मामलों की भारी संख्या के विरुद्ध यह एक प्रतिरोध (buffer) का काम करेगा।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) (A) सही है, परंतु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परंतु (R) सही है।

11. निम्नलिखित का मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनिए : *1*

| | *सूची I* | | *सूची II* |
|---|---|---|---|
| (a) | विचाराधीन वाद | (i) | संपत्ति हस्तान्तरण का सामान्य सिद्धांत |
| (b) | संपत्ति हस्तान्तरण अधिनियम, 1882 | (ii) | चल संपत्ति का हस्तान्तरण |
| (c) | चुनाव का सिद्धांत (Doctrine of Election) | (iii) | लंबित संपत्ति मुकदमे के लिए पक्षकारों को न्यायालय निर्णय के अधीन करना |
| (d) | माल विक्रय अधिनियम, 1930 | (iv) | कोई स्वीकरण (अनुमोदन) और अस्वीकरण (निरनुमोदन) नहीं कर सकता |

(A) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)　　(B) a-(ii), b-(i), c-(iii), d-(iv)

(C) a-(iii), b-(iv), c-(i), d-(ii)　　(D) a-(iii), b-(i), c-(iv), d-(ii)

**9.** Rupa and Ravi entered into a contract for the sale of illegal substances. Both were fully aware of the illegality of the contract at the time of its formation. Which of the following options correctly describes the status of the contract ? *1*

(A) The contract is legally enforceable despite the illegality of the subject.

(B) The contract is voidable at the discretion of either party due to its unlawful nature.

(C) The contract is void and cannot be enforced by either party due to its unlawful nature.

(D) The contract is valid, but both parties may face criminal charges for engaging in an illegal transaction.

**10.** *Assertion (A) :* There is an urgent need to increase the retirement age of judges in India. *1*

*Reason (R) :* It will be a buffer against impending litigation explosion.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**11.** Match the following and choose the correct option : *1*

| | *List I* | | *List II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Lis Pendens | (i) | General principle of transfer of property |
| (b) | Transfer of Property Act, 1882 | (ii) | Transfer of movable property |
| (c) | Doctrine of Election | (iii) | Subjugate parties to a pending litigation of a property to court's decision |
| (d) | Sale of Goods Act, 1930 | (iv) | No one can approbate and reprobate |

(A) a-(iv), b-(ii), c-(i), d-(iii)    (B) a-(ii), b-(i), c-(iii), d-(iv)

(C) a-(iii), b-(iv), c-(i), d-(ii)    (D) a-(iii), b-(i), c-(iv), d-(ii)

**12.** एक व्यक्ति वाली कंपनी (OPC) की एक सदस्य से भी निरंतर उत्तराधिकार की विशेषता है क्योंकि *1*

(A) यह कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित (incorporated) है।

(B) प्राइवेट कंपनी की तुलना में इसकी अनुपालन आवश्यकताएँ कम हैं।

(C) इसके सदस्यों से पृथक (भिन्न), यह एक अलग वैधानिक कंपनी है।

(D) निगमीकरण के दौरान किसी नामिती (nominee), की नियुक्ति का इसमें प्रावधान है।

**13.** अनुज के पास राजीव की ₹ 2,000 की देनदारी है। पूरे ऋण (देनदारी) के एकमुश्त भुगतान के रूप में अनुज द्वारा राजीव को ₹ 1,500 का भुगतान किया जाता है। इस संविदा का निर्वहन __________ के द्वारा किया जाता है। *1*

(A) खंडन (B) छूट (माफी)

(C) प्रेषण (D) नवीयन

**14.** *अभिकथन (A) :* भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के अंतर्गत स्वतंत्रता निरपेक्ष (absolute) नहीं है बल्कि सापेक्ष (सशर्त) है। *1*

*कारण (R) :* सरकार “अधिकारिक रूप से और उचित रूप से” अनुच्छेद 19 के अंतर्गत स्वतंत्रता को सीमित कर सकती है या वापस ले सकती है।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) (A) सही है, परंतु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परंतु (R) सही है।

**15.** माइक्रोहैंड कंपनी ने एक नया सॉफ्टवेयर प्रोग्राम तैयार किया है जो यूनीक यूजर इंटरफेस और एडवांस्ड फीचर्स (उन्नत विशेषताएँ) प्रदान करता है। वे अपने सॉफ्टवेयर को कॉपी (नकल) होने या बिना उनकी अनुमति के प्रयोग करने से सुरक्षित रखना चाहते हैं। उस आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकारों) को बताइए जिसकी सहायता से माइक्रोहैंड कंपनी अपने सॉफ्टवेयर प्रोग्राम को सुरक्षित रख सके। *1*

(A) व्यापार गोपनीयता (Trade secret)

(B) व्यापार चिन्ह (Trademark)

(C) एकस्व अधिकार (Patent)

(D) कॉपीराइट

**12.** One Person Company (OPC) has the feature of perpetual succession even with one member because *1*

(A) it is incorporated under Companies Act, 2013.

(B) its compliance requirements are less than a private company.

(C) it is a separate legal entity, distinct of its members.

(D) it has the provision of appointment of a nominee during incorporation.

**13.** Anuj owes Rajiv ₹ 2,000. Anuj pays ₹ 1,500 to Rajiv in full settlement of the whole debt. This contract is discharged by _________. *1*

(A) rescission

(B) remission

(C) remittance

(D) novation

**14.** *Assertion (A) :* The freedoms under Article 19 of the Constitution of India are not absolute, but conditional. *1*

*Reason (R) :* The State can "authoritatively and reasonably" limit or take away the freedoms under Article 19.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Microhand Co. has created a new software programme that provides unique user interface and advanced features. They want to protect their software from being copied or used without their permission. Identify the IPR type that Microhand Co. should seek to protect their software programme. *1*

(A) Trade Secret

(B) Trademark

(C) Patent

(D) Copyright

**16.** नवीकरणीय ऊर्ज़ा सेक्टर की ग्रीन टेक इंक और ईको पावर कारपोरेशन नामक दो प्रतियोगी कंपनियाँ तथाकथित पेटेंट उल्लंघन के ऊपर एक जटिल वाणिज्यिक विवाद में उलझी हुई हैं। ग्रीन टेक का दावा है कि ईको पावर ने अपने नए उत्पाद में उनकी पेटेंट की गई प्रौद्योगिकी का गैरकानूनी रूप से उपयोग किया है। ईको पावर ने इस आरोप का जोरदार खंडन करते हुए कहा है कि उनकी प्रौद्योगिकी ही मूल है और कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है । वे मध्यस्थता और विवाचन (mediation and arbitration) वाली एडीआर (वैकल्पिक विवाद समाधान) पद्धति के द्वारा अपने विवाद को निपटाना चाहते हैं। उनकी स्थिति को देखते हुए निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोत्तम विकल्प है ? *1*

(A) मुकदमा दायर करना

(B) समझौते की बातचीत करना

(C) मिश्रित मध्यस्थता और विवाचन

(D) सुलह

**17.** *अभिकथन (A) :* 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के माता-पिता का यह कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के अवसर प्रदार करें। *1*

*कारण (R) :* संविधान का अनुच्छेद 21A मौलिक अधिकार के रूप में शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) (A) सही है, परंतु (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, परंतु (R) सही है।

**18.** भारतीय बार काउंसिल (विधिज्ञ परिषद) द्वारा राज्य विधिज्ञ परिषद के लिए कितने सदस्यों को मनोनीत किया जाता है ? *1*

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

**16.** Green Tech Inc. and Eco Power Corp., two competing companies in the renewable energy sector are embroiled in a complex commercial dispute over alleged patent infringement. Green Tech claims that Eco Power has unlawfully used their patented technology in their new product. Eco Power vehemently denies the allegation asserting that their technology is original and not infringing. They wish to resolve their dispute through an ADR method that combines mediation and arbitration. Which of the following options is best suitable for their situation ? *1*

(A) Filing a lawsuit

(B) Negotiating a settlement agreement

(C) Mediation-arbitration hybrid

(D) Conciliation

**17.** *Assertion (A) :* Parents of children between the age of 6 to 14 years have a duty to provide opportunities for education to their children. *1*

*Reason (R) :* Article 21A provides Right to Education as a Fundamental Right.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**18.** How many members are nominated to the State Bar Council by the Bar Council of India ? *1*

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

**19.** एक बहुमूल्य कलाकृति के स्वामित्व के ऊपर श्रेया और संध्या के बीच गर्मा गर्मी वाला विवाद हो गया। इस झगड़े के समाधान के लिए उन्होंने मूल्ययन मध्यस्थता (evaluative mediation) की सेवा लेने का निर्णय लिया है। इस परिस्थिति में मध्यस्थता की क्या प्राथमिक भूमिका है ? *1*

(A) खुले रूप से बातचीत कराना और एक पारस्परिक स्वीकार्य समाधान पर पहुँचने के लिए दोनों पक्षों को प्रोत्साहित करना।

(B) दोनों पक्षों की स्थिति का एक तटस्थ मूल्यांकन और समझौता कराने में सहायता के लिए संभावित निर्णय प्रदान करना।

(C) एक रचनात्मक समाधान को सुविधाजनक बनाने के लिए दोनों पक्षों के निहित हितों और जरूरतों को समझने में ध्यान केन्द्रित करना।

(D) एक तटस्थ मददगार के रूप में कार्य करना और समझौता तथा समस्या-समाधान की संरचनात्मक प्रक्रिया के माध्यम से दोनों पक्षों का मार्गदर्शन करना।

**20.** जोन्स नामक जासूस एक ऐसे जटिल मामले की जाँच कर रहा है जिसमें एक पीड़ित को अपने अपार्टमेंट में मृत पाया गया था। जाँच के दौरान जासूस जोन्स संदिग्धों के अनेक संभावित उद्देश्यों और विभिन्न प्रकार के इरादों को प्रदर्शित करने वाले अनेक विरोधामासी प्रमाणों का रहस्योद्घाटन करता है। एक ऐसा ही प्रमाण मृतक का एक नोट है जिसमें उसने अपनी मृत्यु की परिस्थितियों को स्पष्ट किया है। जासूस जोन्स इस नोट का उपयोग __________ के रूप में करेगा। *1*

(A) स्वीकारोक्ति (Admission)

(B) मृत्युकालिक घोषणा (Dying declaration)

(C) अतिरिक्त न्यायिक स्वीकरण (Extra-judicial confession)

(D) न्यायिक स्वीकरण (Judicial confession)

**19.** Shreya and Sandhya are involved in a heated dispute over the ownership of a valuable piece of artwork. They have decided to engage in evaluative mediation to resolve their conflict. What is the primary role of the mediator in this situation ? *1*

(A) Facilitate open communication and encourage parties to reach a mutually agreeable solution.

(B) Provide an objective evaluation of the parties' position and potential outcomes to assist them in reaching a settlement.

(C) Focus on understanding the underlying interests and needs of the parties to facilitate a creative solution.

(D) Act as neutral facilitator and guide the parties through a structured process of negotiation and problem-solving.

**20.** Detective Jones is investigating a complex case where the victim was found dead in his apartment. During the investigation, Detective Jones uncovers a series of conflicting evidence suggesting multiple possible motives and varying levels of intent among the suspects. One such evidence is a note by the deceased that explained the circumstances of his death. Detective Jones will use this note as : *1*

(A) Admission

(B) Dying declaration

(C) Extra-judicial confession

(D) Judicial confession

## खण्ड ख

**21.** अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक विधि के एक छात्र आनंद के पास एक ऐसा मामला है जो एक ठेकेदार और उप-ठेकेदार के बीच निर्माण संबंधी विवाद का है । दोनों पक्षों की संविदा में एक विवाचन अनुच्छेद शामिल है जिसमें कहा गया है कि संविदा से उत्पन्न किसी विवाद को विवाचन के माध्यम से हल किया जाएगा । परंतु संविदा में इस प्रक्रिया को विनियमित (शासित) करने के लिए किसी विशिष्ट विवाचन संस्था/नियमावली को विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है । इस मामले में किस विवाचन को अपनाया जा सकता है, इसकी पहचान कीजिए। *2*

वाणिज्यिक विवादों में विवाद हल करने के लिए विवाचन किस प्रकार एक बेहतर तरीका है ?

**22.** (क) लोक नीति को तैयार करने और उस पर सलाह देने में विधि स्नातक (law graduate) का क्या भविष्य है ? *2*

**अथवा**

(ख) भारतीय विधिज्ञ परिषद (Bar Council) के प्रतिनिधिक कार्यों का उल्लेख कीजिए।

**23.** न्याय मित्र (Amicus curiae) कौन है ? उसकी नियुक्ति क्यों की जाती है ? *2*

**24.** एक भीड़-भाड़ वाले शहर में एक रियल एस्टेट डेवलपर भूमि का एक बहुत बड़ा हिस्सा अर्जित करता है जो कई पीढ़ियों से बहुत से निम्न आय वर्ग के परिवारों के पास रहा है । विद्यमान परिवारों को पर्याप्त मुआवजा या पुनर्वास के विकल्प के बिना उन्हें विस्थापित करके डेवलपर वहाँ सुख-साधन संपन्न बहुमंजिला अपार्टमेंट और शापिंग कम्प्लैक्स बनाने की योजना बना रहा है । कई दशकों से वहाँ रह रहे परिवारों को इसे खाली करने और अपनी रोज़ी रोटी छिन जाने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है । इस मामले में भारतीय संविधान के किस मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है, उसकी पहचान कीजिए। उक्त परिस्थिति में एक राज्य की क्या भूमिका है ? *2*

## SECTION B

**21.** Anand, a student of international commercial law is reviving a case involving a construction dispute between a contractor and sub-contractor. The contract between the parties includes an arbitration clause stating that any disputes arising from the contract shall be resolved through arbitration. However, the contract does not specify any particular arbitral institution/set of rules to govern the process. Identify the type of arbitration opted for in this instance. *2*

How is arbitration a better mode for dispute resolution in commercial disputes ?

**22.** (a) What are the prospects of a law graduate in formulation and advising on public policy ? *2*

**OR**

(b) State the representative functions of the Bar Council of India.

**23.** Who is an 'Amicus curiae' ? Why is he/she appointed ? *2*

**24.** In a bustling city, a real estate developer acquires a vast tract of land that has been home to several low-income families for generations. The developer plans to build luxurious high-rise apartments and a shopping complex on this land, displacing the existing families without providing adequate compensation or resettlement options. The families, many of whom have been living there for decades, face eviction and loss of their livelihoods. Identify the fundamental right in the Indian Constitution that is violated in this instance. What is the role of the State in the given situation ? *2*

25. चल संपत्ति एवं अचल संपत्ति में कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए। *2*

26. एक प्रतिभावान लेखिका माया एक रोचक लघु कहानी तैयार करती है और अपने व्यक्तिगत ब्लॉग पर प्रकाशित करती है। बाद में उसे पता चलता है कि एक प्रसिद्ध लेखक रवि ने उसकी कहानी के काफी अंशों (हिस्सों) की नकल की है और एक सर्वाधिक बिक्री वाली पुस्तक (bestselling book) में इसे अपने नाम से प्रकाशित किया है। इस स्थिति में माया किस आधार पर कानूनी कार्रवाई कर सकती है, इसे स्पष्ट कीजिए। *2*

27. भारत के एक दूर-दराज के आदिवासी (जनजातीय) क्षेत्र में एक अनूठा समुदाय रहता है जो मुख्य धारा की पद्धतियों से अलग प्राचीन रीति रिवाज़ों और परंपराओं को मानता है। स्थानीय सरकार इस क्षेत्र में आधारभूत संरचना और जीवन दशाओं में सुधार लाने के लिए विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन की योजना करती है, परंतु जनजातीय समुदाय के कुछ सदस्य अपनी विशिष्ट संस्कृति और जीवन पद्धति पर इन परियोजनाओं के संभावित प्रभाव के बारे में चिंता प्रकट करते हैं। इस संदर्भ में स्थानीय सरकार के कार्यों का मार्गदर्शन करने वाले भारतीय संविधान के भाग IV के महत्त्व का आकलन कीजिए। *2*

28. विद्यालयी छात्रों के एक छात्रावास में वहाँ के कैंटीन कर्मचारी भोजन सामग्री की उचित रूप से जाँच करने में असफल रहे। छात्रावास में रहने वाले कुछ छात्रों की कुछ खाद्य संबंधी गंभीर एलर्जी (allergy) के बारे में उनको जानकारी थी। परिणामस्वरूप एक छात्र ने एलर्जी वाला कोई खाद्य पदार्थ खा लिया और उसे गंभीर एलर्जी हो गई। इस बात का आकलन कीजिए कि क्या इस प्रकार की स्थिति को एक 'चूक (omission)' समझा जा सकता है और क्या यह दुराचार अपराधिक कृत्य (Actus reus) में आता है ? *2*

**25.** Give any two differences between a movable property and an immovable property. *2*

**26.** Maya, a talented writer, composes a captivating short story and publishes it on her personal blog. Later, she discovers that a well known author Ravi, has copied substantial portions of her story and published it under his name in a bestselling book. Explain the basis of legal action that Maya can take in this situation. *2*

**27.** In a remote tribal region of India, there is a unique community that follows ancient customs and traditions, different from mainstream practices. The local government plans to implement developmental projects in the region to improve infrastructure and living conditions. However, some members of the tribal community express concerns about the potential impact of these projects on their distinct culture and way of life. In this context, assess the significance of Part IV of the Indian Constitution in guiding the local government's actions. *2*

**28.** In a hostel for school children, the canteen staff failed to properly check the ingredients of a meal. They were aware of some of the severe food allergies of some hostellers. As a result a student consumes a food item containing the allergen and suffers a severe allergic reaction. Assess whether such a scenario could be considered an 'omission' and whether it constitutes 'actus reus'. *2*

## खण्ड ग

29. (क) स्कूल प्रोजक्ट (विद्यालय परियोजना) पर कार्य कर रहे छात्रों का एक वर्ग अपने प्रस्तुतीकरण को बढ़ाने के लिए इंटरनेट पर उन्हें प्राप्त एक चित्र (image) का प्रयोग करने का निर्णय लेता है। यह एक सुंदर कलात्मक इमेज है और उनका मानना है कि यह उनकी परियोजना की दृष्टिगत आकर्षण (Visual Appeal) को बढ़ा देगी। परंतु कॉपीराइट की समस्या के कारण वे इसका उपयोग करने के बारे में अनिश्चित हैं। ऐसी स्थिति में कॉपीराइट के मालिक के नैतिक अधिकारों को स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) कॉलेज के और छात्र मित्र, राहुल और रवि साथ-साथ एक संगीत क्लब शुरू करते हैं। रवि, राहुल को उसके गिटार कौशल के लिए क्लब के मुनाफे का 20% भुगतान करने का वचन देता है। क्लब अपने कार्य में सफल रहता है परंतु रवि, राहुल को भुगतान करना बंद कर देता है। राहुल, दुर्गा प्रसाद बनाम बलदेव पर आधारित वैध संविदा (करार) का दावा करते हुए रवि के विरुद्ध मुकदमा करता है। वैधानिक रूप से प्रवर्तनीय करार तैयार करने में क्या कोई वैध विचारण है और इसका क्या महत्व है, इसका विश्लेषण कीजिए।

30. निम्न आय वाली रिया एक कानूनी लड़ाई का सामना कर रही है और कानूनी सहायता के लिए आवेदन करती है। उसकी वित्तीय (आर्थिक) स्थिति के सभी आवश्यक दस्तावेज़ और प्रमाण प्रस्तुत करने के बाद कानूनी सहायता के लिए रिया के आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाता। इस संदर्भ में यह बताइए कि क्यों कानूनी सहायता से इनकार किया जा सकता है या उसे वापस लिया जा सकता है । *3*

31. (क) प्राइवेट अंतर्राष्ट्रीय विधि को 'विधियों का प्रतिद्वंद्वी (विरोधी)' क्यों माना जाता है ?

(ख) प्राइवेट अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के क्षेत्र में ऐसे किन्हीं दो प्रतिमान (मॉडल) कानूनों का उल्लेख कीजिए, जिन्हें विभिन्न देशों के प्राइवेट कानूनों को एकसमान करने (सुमेलन) के लिए तैयार किया गया है। *1+2=3*

## Section C

**29.** (a) A group of students working on a school project decide to use an image they found on the Internet to enhance their presentation. The image is a beautiful artwork they believe will enhance the visual appeal of their project. However, they are unsure about using it due to copyright concerns Explain the moral rights of the owner of the copyright in this situation. *3*

**OR**

(b) Rahul and Ravi, college students and friends, start a music club together. Ravi promises to pay Rahul 20% of the club's profits for his guitar skills. The club becomes successful, but Ravi stops paying Rahul. Rahul sues Ravi, calming a valid contract based on Durga Prasad. vs. Baldeo. Analyse if there is a valid consideration and its significance on forming a legally enforceable contract.

**30.** Riya, a low-income individual is facing a legal battle and applies for legal aid. After providing all necessary documents and proof of her financial status Riya's application for legal aid is denied. In this context, state why legal aid may be denied or withdrawn. *3*

**31.** (a) Why is Private International Law referred to as 'Conflict of Laws' ?

(b) State any two model laws in the sphere of Private International Law that have been framed to harmonize private laws of different countries. *1+2=3*

**32.** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की भूमिका और अधिदेश (mandate) और यह किस प्रकार भारत में बच्चों के कल्याण और संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए कार्य करता है, इसका मूल्यांकन कीजिए। *3*

**33.** संयुक्त राज्य अमेरिका में विद्यमान बार एसोसिशंस की विभिन्न श्रेणियाँ क्या हैं और विधि व्यावसायिकों की सहायता करने में अपने कार्यक्षेत्र (व्याप्ति), सदस्यता और विशिष्ट संकेन्द्रण क्षेत्रों के मामले में वह कैसे विभिन्नता रखते हैं ? *3*

**34.** (क) कार्यक्षेत्र में झगड़े के परिदृश्य में दो कर्मचारियों के बीच एक ग़लतफहमी के कारण गरमा-गरमी हो जाती है और दोनों के बीच तनाव बढ़ जाता है। इस मुद्दे को हल करने और एक सकारात्मक कार्य परिवेश पुनर्स्थापित करने के लिए प्रबंधन सुधारात्मक मध्यस्थता क्रियान्वित करने का निर्णय लेता है। सुधारात्मक मध्यस्थता (Transformative mediation) की उन मुख्य विशेषताओं को बताइए जिनका उपयोग विवाद समाधान प्रक्रिया में किया जाएगा। *3*

**अथवा**

(ख) अपने स्वर्गीय माता-पिता की परिसंपत्तियों के बँटवारे के ऊपर दो सहोदर भाइयों के बीच काफ़ी समय से पारिवारिक विवाद चलता आ रहा है। भावनात्मक रूप से स्थिति काफ़ी गंभीर हो गई है और इस मामले को सुलझाने के लिए वे संघर्ष कर रहे हैं। इस बात को स्पष्ट कीजिए कि इस स्थिति में किस प्रकार समझौता और मध्यस्थता को उपयोग में लाया जा सकता है। दोनों प्रक्रियाओं में तटस्थ तीसरे पक्ष की सहायता की विशेष भूमिका पर चर्चा कीजिए।

**35.** भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति किस प्रकार की जाती है ? भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति में लागू "वरिष्ठता सिद्धांत" को स्पष्ट कीजिए। *3*

**36.** "मानहानि" क्या है ? भारतीय कानून के अंतर्गत मानहानि के दो रूपों के बीच अंतर बताइए। *3*

**32.** Assess the role and the mandate of the National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR) and how it works to ensure the welfare and protection of children in India. *3*

**33.** What are the different categories of Bar Associations present in the US and how do they vary in terms of their scope, membership and specific areas of focus in supporting legal professionals ? *3*

**34.** (a) In a workplace conflict scenario, two employees are engaged in a heated dispute over a misunderstanding that has escalated between them. The management decides to implement transformative mediation to address the issues and restore a positive work environment. Identify the key features of transformative mediation that will be employed in the conflict resolution process. *3*

**OR**

(b) In a family dispute, two siblings have a prolonged argument over the division of their late parents' assets. The situation has become emotionally charged and they struggle to settle the matter. Explain how conciliation and mediation may be applied to this situation. Discuss the distinct roles of the neutral third party facilitators in both processes.

**35.** How is the Chief Justice of India appointed ? Explain the 'seniority principle' applied in the appointment of the Chief Justice of India. *3*

**36.** What is 'defamation' ? Distinguish between the two forms of defamation under Indian law. *3*

## खण्ड घ

**37.** (क) (i) वैश्विक चुनौतियों को दूर करने और जन जीवन तथा भूमंडल दोनों के लिए अधिक टिकाऊ (sustainable) और समतापूर्ण भविष्य विकसित करने के लिए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) अपना योगदान कैसे करते हैं ?

(ii) रियो शिखर सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य और प्रभाव की रूपरेखा बताइए। *3+2=5*

**अथवा**

(ख) (i) पब्लिक लिमिटेड कंपनी के संचालन से संबद्ध विनियमनात्मक अपेक्षाएँ और मुख्य विशेषताएँ क्या हैं ?

(ii) पब्लिक लिमिटेड कंपनी, प्राइवेट कंपनी से किस प्रकार भिन्न है ?

**38.** (क) एक वैश्विक संकट में अल्फा और ओमेगा नामक दो पड़ोसी देश एक संसाधन संपन्न क्षेत्र के ऊपर तनावपूर्ण प्रादेशिक विवाद में उलझे हैं। बढ़ते हुए तनाव और सैन्य बल तैनाती के बीच संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधित्व वाला अंतर्राष्ट्रीय समुदाय झगड़े की मध्यस्थता और झगड़ा आगे बढ़ने से रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है। स्थिति सामान्य करने के सभी प्रयास असफल हो गए और ओमेगा ने विवादित क्षेत्र को अपने नियंत्रण में लेने के लिए उस पर आक्रमण कर दिया। अल्फा ने पड़ोसी देशों के बीच (Non-Aggression) की संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के उल्लंघन की वकालत की। *5*

ओमेगा द्वारा अल्फा पर इस आक्रमण को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून की असफलता के कारणों का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

(ख) बीटालैंड और गामालैंड देशों के बीच विवादित समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के क्रियाकलापों की स्वीकृति की लंबे समय से एक प्रथा रही है। जाँच कीजिए कि यह प्रथा किस प्रकार एक प्रथागत प्रतिमान बन सकती है और दो देशों के बीच विवाद हल करने में इसकी क्या उलझनें हैं।

**39.** (क) भारत में विवादों को शीघ्र और कम खर्च में हल करने की दृष्टि से स्थायी लोक अदालतों की भूमिका की जाँच कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) भारत के 14वें विधि आयोग ने सरकार द्वारा गरीबों को कानूनी सहायता प्रदान करने के विचार पर चर्चा की और इस संबंध में 1987 में एक कानून (विधि) के लिए मार्ग प्रशस्त किया। क्रमानुसार उन गतिविधियों को स्पष्ट कीजिए जिनके कारण विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 अधिनियमित (पारित) किया गया। वर्ष 2002 में इसके संशोधन द्वारा 1987 के अधिनियम में क्या परिवर्तन किए गए ?

## Section D

**37.** (a) (i) How do the Sustainable Development Goal (SDGs) contribute to addressing global challenges and fostering a more sustainable and equitable future for both, people and the planet ?

(ii) Outline the main objective and impact of the Rio Summit. *3+2=5*

**OR**

(b) (i) What are the main features and regulatory requirements associated with operating a Public Limited Company ?

(ii) How does a Public Limited Company differ from a Private Company ?

**38.** (a) In a global crisis, two neighbouring countries Alpha and Omega are engaged in a tense territorial dispute over a resource-rich region. Amid rising tensions and military buildups, the international community represented by the UN intervenes to mediate the conflict and prevent further escalation. All attempts to restore normalcy failed and Omega raided the disputed area to take control over it. Alpha, pleaded the violation of UN Declaration on Non-aggression among neighbouring countries. *5*

Analyse the reasons for failure of international law to avert this attack on Alpha by Omega.

**OR**

(b) Countries Betaland and Gammaland have a long standing practice of allowing fishing activities in a disputed maritime area. Examine how this practice may form a customary norm and its implication in resolving the dispute between the two countries.

**39.** (a) Examine the role of permanent Lok Adalats in providing speedy and cost-effective resolution of disputes in India *5*

**OR**

(b) The $14^{th}$ Law Commission of India mooted the idea of providing legal aid to the poor by the State and paved the way for a legislation to this regard in 1987. Sequentially explain the developments that led to the environment of Legal Services Authority Act, 1987. What changes were introduced in the Act of 1987 by its amendment in 2002 ?

**40.** (क) अपकृत्य विधि में “अदोष दायित्व” (No fault liability) क्या है ?

(ख) श्री सरकार एक आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं जिनका अधिकांश समय विभिन्न जड़ी बूटियों और मसालों के अनुसंधान एवं परीक्षण में व्यतीत होता है । नई और प्रभावकारी (कारगर) आयुर्वेदिक दवाएँ तैयार करना उनके जीवन का लक्ष्य है ।

अपनी नवीनतम परियोजना में श्री सरकार कैंसर का उपचार प्राप्त करने के लिए कार्य कर रहे थे । इसकी संभाव्यता ( Viability) की जाँच के लिए गहन अध्ययन के बाद उन्हें अपने समीप के वन-क्षेत्र में कुछ जंगली वनस्पतियाँ प्राप्त हुईं । प्रयोगशाला परीक्षण करने पर उन्हें पता लगा कि जड़ी-बूटियों से निकाला गया अर्क (extract) अत्याधिक विषैला है और पर्याप्त सावधानियों के बिना संपर्क में आने पर यह व्यक्ति की तंत्रिका प्रणाली पर गंभीर असर कर सकता है । श्री सरकार इसके प्रति काफी सावधान थे और अर्क को सुरक्षित रखने तथा अपने छात्रों की पहुँच से बाहर रखने के लिए उन्होंने पूरी सावधानी रखी ।

एक दिन जब वह अपने परीक्षण कार्य में व्यस्त थे, तो अनजाने में उनके तीन छात्र इस जड़ी बूटी के संपर्क में आ गए और दो को मस्तिष्क आघात (brain stroke) और एक को चेहरे का पक्षाघात (facial palsy) हो गया । इन तीनों छात्रों के परिवारों ने इस नुकसान के लिए श्री सरकार पर मुकदमा कर दिया । निर्णीत मामला कानून का उदाहरण देते हुए इस बात को तय कीजिए कि क्या श्री सरकार तीनों छात्रों की हालत और उत्पन्न नुकसान के प्रति उत्तरदायी हैं । *2+3=5*

**40.** (a) What is 'no fault liability' in tort law ?

(b) Mr. Sarkar is an Ayurvedic medical practitioner who spends most of his time in research and experimentation on different herbs and spices. His mission is to develop new and effective medicines in Ayurveda.

In his latest project, Mr. Sarkar was working to find a cure for cancer. After extensive study, he got some wild plants from the nearby forest area to test its viability. On lab testing, he found that the extract from the herbs was highly poisonous and could cause serious impact on the nervous system of the person if contacted without adequate precautions. Mr. Sarkar was very cautious and took utmost care to keep the extract safe and out of reach of his students.

One day, when he was busy with his experiments, three of his students accidentally came into contact with the herb and two suffered from brain stroke and one got facial palsy. The family of the three students sued Mr. Sarkar for damages. Citing the decided case law, decide if Mr. Sarkar is liable for the condition of the three students and the damage caused. *2+3=5*